Roll No. :

कुल प्रश्नों की संख्या : 18]
Total No. of Questions : 18]

[कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 08
[Total No. of Printed Pages : 08

# K-241070-B

## हाई स्कूल परीक्षा / High School Examination

## विषय : हिन्दी
## Subject : Hindi

समय : 3 घण्टे]
Time : 3 Hours]

[पूर्णांक : 75
[Maximum Marks : 75

**सामान्य निर्देश :-**

(i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है, जिसके खण्ड (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न, खण्ड (ब) में रिक्त स्थानों की पूर्ति एवं खण्ड (स) में उचित संबंध जोडिए संबंधी प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 2 से 6 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर हेतु शब्द सीमा 30 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर हेतु शब्द सीमा 50 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं।



https://www.cgboardonline.com

(v) प्रश्न क्रमांक 11 से 15 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक उत्तर हेतु शब्द सीमा 75 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं।

(vi) प्रश्न क्रमांक 16 निबंध लेखन का प्रश्न है। इसका उत्तर लगभग 250-300 शब्दों में लिखिए। इस प्रश्न पर 8 अंक निर्धारित हैं।

(vii) प्रश्न क्रमांक 17 एवं 18 पत्र-लेखन एवं अपठित गद्यांश हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक निर्धारित हैं।

(viii) प्रश्न क्रमांक 11 से 18 तक के सभी प्रश्नों में विकल्प दिया गया है।

---

**प्रश्न-1** (खण्ड 'अ') सही विकल्प चुनकर लिखिए- **[1x5=5]**

(i) छत्तीसगढ़ का प्रथम शहीद माना जाता है-

(अ) हनुमान सिंह को

(ब) मंगल पांडे को

(स) वीर नारायण सिंह को

(द) वीर गुण्डाधुर को

(ii) 'दादू दयाल के पद' समानता रखती है-

(अ) कबीरदास से

(ब) सूरदास से

(स) तुलसीदास से

(द) सुन्दरदास से



https://www.cgboardonline.com

(iii) हरिशंकर परसाईजी मरना चाहते है-

(अ) हैजा की बीमारी से

(ब) कालरा की बीमारी से

(स) टैक्स की बीमारी से

(द) कैंसर की बीमारी से

(iv) "भूख अपने आप में साग होती है।" पंक्ति में शब्द शक्ति है-

(अ) अभिधा

(ब) लक्षणा

(स) व्यंजना

(द) इनमें से कोई नहीं

(v) विचार करते-करते अचानक लेखक का ध्यान इस ओर गया-

(अ) पहाड़ की चोटी की ओर

(ब) सुन्दर बाग की ओर

(स) शहरी घाटी की ओर

(द) ठूँठ की ओर

**प्रश्न-1** (खण्ड 'ब') रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए- **[1x5=5]**

(i) कोठी म _____ छलक जाए, ये जिनगी फेर चमक जाए।

(ii) _____ के कण्ठ से ही नर्मदा निकलती है।

(iii) तीजनबाई _____ शैली की पंडवानी गायिका है।

(iv) 'प्राण भरना' का अर्थ _____ है।



https://www.cgboardonline.com

(v) कोशल के राजकीय उत्सव के लिए _____ की भूमि का चयन किया गया।

**प्रश्न-1** (खण्ड 'स') उचित संबंध जोड़िए- [1x5=

| | (क) | (ख) |
|---|---|---|
| (i) | प्रजा का शासन | उपन्यास |
| (ii) | कुएं से पानी भरकर लानेवाली स्त्री | कहानी |
| (iii) | माटी वाली | कविता |
| (iv) | जीवन का झरना | पनिहारिन |
| (v) | नवतुरिया | जनतंत्र |

**प्रश्न-2** आधुनिक काल के किन्हीं दो प्रकारों के नाम लिखिए। [1+1=2

**प्रश्न-3** मैकल किन दो पर्वतों का संगम है? [1+1=2

**प्रश्न-4** समास विग्रह कर प्रकार का नाम लिखिए- [$\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$ $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=2$

(i) पंचवटी

(ii) दूध-दही

**प्रश्न-5** 'गृह प्रवेश' कविता में कवि चिड़ियों को क्यों बुलाना चाहता है? [2

**प्रश्न-6** 'पानी में झाँककर कभी अपने चेहरे पर मत रीझना' इस पंक्ति के माध्यम से माँ बेटी को क्या सीख दे रही है? [2

**प्रश्न-7** लेखक की माँ को जेब कतरे ने पैसे क्यों भेजे? [3

**प्रश्न-8** प्रेम मार्गी शाखा की कोई तीन विशेषताएं लिखिए? [1+1+ =3



https://www.cgboardonline.com

**प्रश्न-9** महादेवी वर्मा को घीसा में क्या-क्या गुण दिखाई दिए? कोई तीन गुण लिखिए। [1+1+1 =3]

**प्रश्न-10** सुआ (गीत) नृत्य को संक्षिप्त में समझाइए। [3]

**प्रश्न-11** लेखक बनने के लिए शरद बाबू के क्या-क्या सुझाव थे? लिखिए। [4]

**अथवा**

"गोधूलि" पाठ में युवक के द्वारा कहानी सुनाने के बाद निस्तब्धता क्यों छा गई? अपने शब्दों में लिखिए।

**प्रश्न-12** निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए: [4]

देख आया चन्द्रगहना!
देखता हूँ दृश्य अब मैं
मेड़ पर इस खेत की बैठा अकेला।
एक बीते के बराबर
यह हरा ठिगना चना,
बाँधे मुरैठा शीश पर
छोटे गुलाबी फूल का,
सज कर खड़ा है।
पास ही मिल कर उगी है
बीच में अलसी हठीली,
देह की पतली, कमर की है लचीली,
नील फूले फूल को सिर पर चढ़ाकर
कह रही है, जो छुए यह,
दूँ हृदय का दान उसको।

**अथवा**



https://www.cgboardonline.com

ऋतु बसंत का सुप्रभात था
मंद-मंद था अनिल बह रहा
बालारुण की मृदु किरणें थी
अगल-बगल स्वर्णाभ शिखर थे
एक-दूसरे से विरहित हो
अलग - अलग रहकर ही जिनको
सारी रात बितानी होती
निशाकाल के चिर - अभिशापित
बेबस उन चकवा - चकई का
बंद हुआ क्रंदन, फिर उनमें
उस महान सरवर के तीरे
शैवालों की हरी दरी पर
प्रणय कलह छिड़ते देखा है।

**प्रश्न-13** मजदूरों का पारिवारिक जीवन कैसा होता है? चार बिन्दुओं में वर्णन कीजिए। [1+1+1+1=4]

https://www.cgboardonline.com

**अथवा**

'सबका दु:ख अलग-अलग होता हैं'। लोग किस-किस तरह के दु:ख का अनुभव करते हैं? किन्ही चार दु:खों के अनुभव का वर्णन कीजिए।

**प्रश्न-14** मरिया कहानी के नायक का नाम क्या है? मरिया प्रथा ने नायक के जीवन को किस तरह से बदल दिया? [1+3=4]

**अथवा**

शब्द-गुण किसे कहते हैं? इसके प्रकारों को परिभाषित कीजिए।



https://www.cgboardonline.com

**प्रश्न-15** लेखक ने क्यों कहा कि हमारे विचार लचीले और समन्वयवादी होने चाहिए? स्पष्ट कीजिए। **[4]**

**अथवा**

"जीवन का झरना" कविता में मानव का मृत हो जाना क्यों और कब बताया गया है?

**प्रश्न-16** निम्नलिखित विषयों में से **किसी एक** विषय पर 250 से 300 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए- **[8]**

(1) पर्यावरण सुरक्षा – हमारा कर्तव्य

(2) बेरोजगारी के कारण व निदान

(3) छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल

(4) चंद्रयान – 3 : हमारा गौरव

(5) परहित सरिस धर्म नहीं भाई

**प्रश्न-17** किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को एक पत्र लिखिए जिसमें आम जनता को मतदान हेतु जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया हो। **[5]**

**अथवा**

आपके द्वारा भ्रमण किये गए छत्तीसगढ़ राज्य के किसी एक पर्यटन स्थल की विशेषता बताते हुए छोटे भाई को एक पत्र लिखिए।

**प्रश्न-18** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- **(कोई पांच)** **[1+1+1+1+1=5]**

आज यदि माता-पिता किसी बात से सबसे ज्यादा परेशान हैं तो वह है, अपने बच्चों की मोबाइल फोन के प्रति दीवानगी। वास्तव में नई पीढ़ी बचपन से ही मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट के बीच बड़ी हो



https://www.cgboardonline.com

रही है और इस वजह से इन चीजों का लगाव, उपयोग के बजाय इनसे मनोरंजन करने की हद तक बढ़ जाता है।

'मेंटल हेल्थ फाउण्डेशन' के संस्थापक और वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. जय रंजन राम का कहना है कि इंटरनेट के बेतहाशा उपयोग ने उनकी दिमागी हालत, एकाग्रता, सामाजिक व्यवहार और संस्कृति पर किस तरह प्रतिकूल असर डाल रहा है। यह जानकारी देने वाला कोई नहीं है।

सोशल मीडिया आज के युवाओं को असहिष्णुता, ईर्ष्या, आत्ममुग्धता, हिंसा, दिखावा की प्रवृत्ति बदमिजाजी से आगाह करने के बजाए जाने-अनजाने इसकी ओर धकेलती है।

इस सबको समझने और बचने की आवश्यकता है। मोबाइल की लत छुड़ाने के लिए खेल गतिविधियाँ, परिवार के सदस्यों के बीच बातचीत, जरूरी कामों की प्राथमिकता, फोन के उपयोग का समय निर्धारण करना जरूरी है।

**प्रश्न:**

(i) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ii) वर्तमान में माता-पिता की परेशानी का क्या कारण है?

(iii) सोशल मीडिया हमें किस ओर धकेलती है?

(iv) मोबाइल की लत छुड़ाने के लिए हमें क्या करना चाहिए?

(v) इंटरनेट युवाओं पर किस प्रकार प्रतिकूल असर डाल रहा है?

(vi) वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. जय रंजन राम किस संस्था के संस्थापक है?

******

https://www.cgboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से



https://www.cgboardonline.com